


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 481 वर्ष 38 | राँची, 31 अक्टुबर, 2014

विषेशांक

# सीसीएल में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

विगत 25 सितम्बर को सीसीएल मुख्यालय के साथ सभी क्षेत्रों और इकाइयों में स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। मुख्यालय परिसर में उपस्थित सीसीएल कर्मियों को संबोधित करते हुए सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान की शुरूआत हमारे माननीय प्रधानमंत्री के 15 अगस्त, 2014 (स्वतंत्रता दिवस) के दिन देश के नाम संदेश के साथ शुरूआत हुई थी। श्री सिंह ने सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देशव्यापी अभियान में सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ साथ स्वच्छता में भी अपना सर्वोत्तम योगदान देकर समाज तथा देश के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत करेगी और जनहित में सीसीएल नम्बर एक कम्पनी बनेगी। श्री सिंह ने स्वच्छता के तीन डाइमेन्सन–संस्थागत, व्यक्तिगत एवं पारिवारिक इन तीन विषय पर ध्यान देने की बात कही और कहा कि इन तीनों पर पूरी लगन के साथ काम करने पर ही स्वच्छता अभियान एक मुकाम तक पहुंच सकती है। उन्होंने सीसीएल टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनकी टीम में क्षमता है और इस मुहिम में सीसीएल अवश्य सफल होगी। श्री सिंह ने कहा कि भारत की आधी से अधिक बिजली का उत्पादन कोयला से होता है और इसमें हम सभी की अहम भूमिका है। हमें साथ साथ चलकर इस उत्तरदायित्व को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है 'ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास' और यह अभियान हमारी सोच को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने आह्वान किया कि सभी क्षेत्रों को सुनिश्चित करना होगा कि खदानों, कर्मशालाओं, इकाइयों को स्वच्छ रखें।

निदेशक(कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर स्वच्छता अभियान की रूपरेखा का पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। डा बी एम के सिन्हा ने 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

अवसर विशेष पर सीएमडी, निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित थी।

## रैलियों का आयोजन

26 सितम्बर को श्री वी एन प्रसाद, महाप्रबंधक(कार्मिक/कल्याण) तथा डीएवी स्कूल के प्राचार्य श्री एस के सिन्हा के नेतृत्व में डीएवी पब्लिक स्कूल, गांधीनगर के बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता हेतु गांधीनगर कॉलोनी में एक रैली निकाली गयी। रैली के दौरान बच्चों ने पूरे कॉलोनी में घूम घूम कर भारत को स्वच्छ बनाने का प्रचार किया साथ ही साथ प्रधानमंत्री के मंत्र स्वच्छ भारत से जन जन को परिचित करवाया।

27 सितम्बर को सीसीएल के सभी अधिकारी, कर्मी, श्रम संघ के प्रतिनिधिगण, केन्द्रीय विद्यालय राजेन्द्रनगर, रांची के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों ने स्वच्छता जागरूकता हेतु सीसीएल के राजेन्द्र नगर कॉलोनी में एक प्रभात फेरी निकाली।

28 सितम्बर को जवाहर नगर कॉलोनी, में सीएमडी, निदेशकगण एवं अधिकारियों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। श्रीमती प्रमिला सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। 29 सितम्बर को सीसीएल क्षेत्र के सभी डी ए वी स्कूलों में पेन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि 30 सितम्बर को मुख्यालय के 'विचार मंच' में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सीसीएल सीएमडी ने स्वच्छ भारत की शपथ दिलाई

मुख्यालय प्रांगण में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 145 वें जन्मदिवस के अवसर पर श्री गोपाल सिंह सीएमडी ने सीसीएल कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वें जन्म दिवस पर अर्थात 2019 तक भारत वर्ष को पूर्णरूपेण स्वच्छ बनाना है। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल, निदेशक(कार्मिक), मुख्य सतर्कता अधिकारी मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ के प्रतिनिधिगण एवं कर्मियों ने महात्मा गांधी को उनके जन्म दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

समारोह में बडी संख्या में उपस्थित कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने अवसर विशेष पर वर्ष भर में 100 घंटे स्वच्छ भारत अभियान को देने की शपथ ली। उन्होंने यह भी शपथ लिया कि वे स्वच्छता की शुरूआत खुद अपने घर से परिवार से अपने आसपास एवं अपने कार्यस्थल से करेंगे।

इस अवसर पर कोयला, उर्जा मंत्री माननीय श्री पीयूष गोयल के द्वारा जारी संदेश का जीवंत प्रसारण 'विचार मंच' में किया गया जिसे सीसीएल के सीएमडी, निदेशकगण एवं कर्मियो ने देखा। अपने संबोधन में मंत्री महोदय ने कहा कि उर्जा परिवार आने वाले समय में एक लाख टॉयलेट स्कूलों में बनवायेगा। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीतिक जीवन की शुरूआत भी उनके घर के पास से स्वच्छता अभियान से शुरू हुई थी जिसमें उन्होंने खुद भाग लिया था। इस स्वच्छता अभियान से पर्यटन एवं रोजगार बढेगा एवं लोगों की आमदनी भी बढ़ेगी। उन्होंने राष्ट्रपिता बापूजी के सपने को साकार करने हेतु हमारे प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ की गई स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हमारी कम्पनी स्वच्छता के क्षेत्र में भी अग्रणी कम्पनी के रूप में जानी जाय। इस अभियान को सफल बनाने के लिए उन्होंने प्रत्येक कर्मी को कार्यक्रम बनाकर अपनी स्वेच्छा से इस काम में हाथ बंटाने का आह्वान किया।

श्री आर आर मिश्र, निदेशक(कार्मिक) ने उपस्थित कर्मियों को जानकारी दिया कि कोल इंडिया ने 2 अक्टूबर को अपने कमांड क्षेत्र में 400 टॉयलेट का उद्घाटन किया जिसमें सीसीएल में 178 टॉयलेट का उद्घाटन किया गया। श्री अरविन्द प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के लिए अधिक संवेदनशील थे और उनके इस सपने को पूरा करने में हमारे प्रधानमंत्री अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक कर्मी को इस अभियान में योगदान देने की बात कही।

सीएमडी, निदेशक(कामिक) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी के अलावा अवसर विशेष पर उप. स्थित मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, सर्वश्री पी के गुइन, डा वी के शर्मा, जे एल सिंह, मलय कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, डा ज्योत्सना आर्या, डा जे एन सिंह,उदय प्रकाश, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण सर्वश्री नानू सिंह, राजीव रंजन, जगन्नाथ साहू तथा कर्मी तापस चन्द्र शर्मा, संजीव कुमार सिंह(विधार्थी) एवं अन्य ने भी अपने अपने विचार एवं सुझाव रखे। श्रेष्ठ सुझाव देने वाले कर्मियों तथा स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ विभागों को सीएमडी श्री सिंह ने पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। श्री वी एन प्रसाद, महाप्रबंधक(का/कल्याण/एन ई ई ) व उनकी टीम ने पूरी स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने में सकिय भूमिका निभाई।












स्वच्छता अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की झलक

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)